मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmpsamb@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा (ऑ.ला.)/2019–20/पार्ट-03/1216 भोपाल दिनांक 16 अगस्त 2019

प्रति,

1. संयुक्त/उप संचालक,
   म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
   आंचलिक कार्यालय .................................... (समस्त)

2. सचिव,
   कृषि उपज मण्डी समिति,
   ......................... जिला ..........................

विषय :–ई–अनुज्ञा के कियान्वयन हेतु मण्डी समितियों में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर रखे जाने के संबंध में।
संदर्भ :–कार्या.आदेश क./बी–5/2/ई–अनुज्ञा(ऑ.ला.)/19–20/पार्ट–1/1030–1031 दिनांक 29.06.2018।

–0–

संदर्भित आदेश द्वारा ई–अनुज्ञा अन्तर्गत मंडी समितियों में निर्धारित संख्या में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर रखने की अनुमति प्रदान की गई है। इस प्रयोजन हेतु अतिरिक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटर रखने के लियें प्रबंध संचालक की पूर्व अनुमति ली जाना आवश्यक है। मंडी समितियों से प्राप्त पत्रों के आधार पर उक्त आदेश पर निम्न संशोधन किया जाता है।

ई–अनुज्ञा अंतर्गत मंडी समितियों में मुख्यालय द्वारा संदर्भित आदेश में निर्धारित अधिकतम संख्या या वास्तविक रुप से रखे गये डाटा एन्ट्री ऑपरेटर इसमें जो भी कम हो, के परिश्रमिक का मंडी निधि से संदर्भित आदेश में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नियत अवधि तक का भुगतान अनुबंधित ऐजेंसी को नियमानुसार समस्त औपचारिकताऍ पूर्ण करते हुए करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

अतः संदर्भित आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आंचलिक संयुक्त/उप संचालकों को उनके संभाग की मण्डियों में ई–अनुज्ञा के सुचारु संचालन के लिये कार्यभार की समीक्षा कर अतिरिक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटर रखने की अनुमति प्रदान करने हेतु अधिकृत किया जाता है। आंचलिक संयुक्त/उप संचालकों द्वारा उक्त प्रयोजन के लिये मण्डी सचिव के प्रस्ताव का सूक्ष्म आकंलन करने के पश्चात् लेखबध्य किये गये कारणों के आधार पर निम्न शर्तों के अनुसार अतिरिक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मण्डी बोर्ड द्वारा अनुबंधित एवं संबंधित संभाग के लिये अधिकृत एजेंसी से रखने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

1. मण्डियों में आवक, व्यापारी द्वारा कय उपरांत प्राप्त उपजवार भुगतान पत्रों के आधार पर प्रति ऑपरेटर न्यूनतम 200 भुगतान संव्यवहारों की प्रतिदिन प्रविष्टि के मान से आंकलन किया जाये।
2. व्यापारी द्वारा चाही गई अनुज्ञा एवं प्राप्त भुगतान पत्रक की साप्ताहिक समीक्षा की जाकर ही वृद्धि/कमी होने की स्थिति के आधार पर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर की संख्या में युक्तियुक्त कमी अथवा वृद्धि की जावे।
3. मण्डी में पदस्थ स्टॉफ, मंडी की वित्तीय स्थिति एवं क्षमता का आंकलन कर ऑपरेटरों की संख्या का निर्धारण किया जावें।

उपरोक्त निर्धारित शर्तों के अनुसार आंचलिक संयुक्त/उप संचालक द्वारा ई–अनुज्ञा अंतर्गत अतिरिक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटर रखने अथवा हटाने की लिखित जानकारी संयुक्त संचालक ई–अनुज्ञा शाखा, मुख्यालय को अनिवार्यतः भेजना सुनिश्चित किया जायेगा। संभाग की मण्डियों में अतिरिक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटर रखने की मण्डीवार जानकारी का रिकार्ड आंचलिक कार्यालय स्तर पर भी संधारित किया जावेगा।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

16/08/19

(अशोक कुमार वर्मा)
प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

